कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक

उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

O/o THE CONTROLLER GENERAL OF DEFENCE ACCOUNTS

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

दूरभाष : 011-25665742 फैक्स : 011- 25674806 ई मेल : hindicell.cgda@nic.in

(राजभाषा अनुभाग)

सं. : 0746/हि0क0/हि0प0/मु0का0 दिनांक : 08 अगस्त, 2022

सेवा में

प्रधान लेखा नियंत्रक(फै0)/

सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक

विषय : हिंदी दिवस/पखवाड़े के अवसर पर रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों में हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन।

संदर्भ : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय का दिनांक 19 जुलाई, 2022 का पत्र सं. 550181/हिं.क./न.रा.का.स./2022

****

केन्द्र सरकार के कार्यालयों में अधिकारियों/कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरुकता तथा उसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष हिंदी दिवस/हिंदी सप्ताह/हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में रक्षा लेखा विभाग भी अपने कार्मिकों को हिंदी में कार्य निष्पादित करने तथा राजभाषा के प्रति रुचि जागृत करने हेतु सितम्बर माह में प्रतियोगिताओं का आयोजन करता आया है।

इस संबंध में उक्त संदर्भित पत्र के अंतर्गत प्रेषित भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय, रक्षा विभाग के 15 जुलाई, 2022 के पत्र सं, 20(4)/2022-निदेशक (राजभाषा) के अंतर्गत प्राप्त भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की सचिव (Secretary) सुश्री अंशुली आर्या का दिनांक 24 जून, 2022 का अ.शा.पत्र सं. 11034/12/2022-रा.भा. (नीति) का अवलोकन करें जिसके अंतर्गत सूचित किया गया है कि हिंदी दिवस का शुभारंभ 14 सितम्बर 2022 को सूरत, गुजरात से हो और समापन 29 सितम्बर, 2022 को संबंधित कार्यालय में हो।

आपसे अनुरोध है कि उक्त पत्रों में निहित निदेशों का पालन करते हुए अपने कार्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाए और इसमें भाग लेने के लिए अधिकाधिक कार्मिकों को प्रोत्साहित करें ताकि कार्यालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के लिए उत्साहवर्धक वातावरण बनाया जा सके।

प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी विजेताओं को पुरस्कृत किए जाने हेतु संबंधित कार्यालयों को उपयुक्त राशि भी स्वीकृत की जाए। हिंदी पखवाड़े के आयोजन के उपरांत आयोजन संबंधी एक रिपोर्ट मुख्यालय कार्यालय को अवश्य प्रेषित करने का कष्ट करें। कृपया पावती दें ।

रक्षा लेखा महानियंत्रक महोदय के अनुमोदन से जारी।

कु०स०प्रि० 8/8

(कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव)

लेखा अधिकारी (रा.भा.)